MPPSC 2017

1.निम्नलिखित में से किसे एक दबाव समूह माना जा सकता हैं।

A. लोक सभा के सदस्य
B. पंचायत के सदस्य
C. मंत्रिमंडल के सदस्य
D. मजदूर संघ के सदस्य।

Answer ||| D

Solution ||| मजदूर संघ के सदस्यो को एक दबाव समूह माना जा सकता हैं|

2.राज्य और केंद्रीय सरकार को प्राधिकार प्राप्त होता है।

A. भारत के संविधान से
B. भारत के राष्ट्रपति से
C. भारत के प्रधानमंत्री से
D. भारत की संसद से ।

Answer ||| A

Solution ||| भारत के संविधान से राज्य और केंद्रीय सरकार को प्राधिकार प्राप्त होता है |

3.मूल कर्तव्यों का उल्लेख संविधान में कब किया गया।

A. संविधान निर्माण के समय
B. 26 जनवरी, 1950
C. 42 वें संविधान संशोधन में
D. 41 वें संविधान संशोधन में ।

Answer ||| C

Solution ||| 1976 में संविधान के 42 वें संशोधन में भारतीय संविधान में मूलभूत कर्तव्यों को जोड़ा गया।

4.'वस्तु एवं सेवा कर' एक टास्क फोर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसके अध्यक्ष थे।

A. विजय केलकर

B. मोंटेक सिंह अहलूवालिया

C. अरूण जेटली

D. नरसिम्हा।

Answer ||| A

Solution ||| In 2002, the Vajpayee government formed a task force under Vijay Kelkar to recommend tax reforms which, in 2005, recommended rolling out GST as suggested by the 12th Finance Commission.

5.निम्नलिखित में से कौन-सा ब्राह्मण ग्रंथ ऋग्वेद से संबंधित हैं।

A. ऐतरेज ब्राह्माण

B. गोपथ ब्राह्माण

C. शतपथ ब्राह्माण

D. तैत्तिरीय ब्राह्माण।

Answer ||| A

Solution ||| ऐतरेज ब्राह्मण (संस्कृत: अतरेय ब्राह्मण) ऋग्वेद के शाकल शाखा का ब्राह्मण ग्रंथ है।

6.अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किए गए अपराधों के लिए जांच अधिकारी कितने दिनों में अपनी रिर्पाट सौंपेगा।

A. 15
B. 20



https://www.evidyarthi.in

C. 25
D. 30

Answer ||| D

Solution ||| अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किए गए अपराधों के लिए जांच अधिकारी 30 दिनों में अपनी रिर्पाट सौंपेगा।

7.अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किस धारा में विषेश न्यायालय की व्यवस्था का प्रवाधान हैं।

A. 14
B. 17
C. 21(1)
D. 21 (3)

Answer ||| A

Solution ||| अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत धारा 14 में विषेश न्यायालय की व्यवस्था का प्रवाधान हैं।

8.हबीब तनवीर का जन्म निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ।

A. रायपुर
B. झाबुआ
C. इंदौर
D. रतलाम।

Answer ||| A

Solution ||| हबीब तनवीर का जन्म 1 सितंबर 1923 को छत्तीसगढ़, रायपुर में हुआ था। वह एक अभिनेता थे।

9.धंगदेव किस वंश का शासक था।

A. जेजाकभुक्ति के चंदेल
B. मालवा के परमार
C. महिष्मति के कलचुरी
D. त्रिपुरी के कलचुरी।

Answer ||| A

Solution ||| धनदेव भारत के चंदेल वंश के राजा थे। उन्होंने जेजाकभुक्ति क्षेत्र (वर्तमान मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड) में शासन किया।

10.इनमें कौन परमार वंश का शासक नही था।

A. उपेंद्र
B. मुंज
C. गांगेयदेव
D. उदयामिद।

Answer ||| C

Solution ||| गांगेयदेव परमार वंश का शासक नही था।

11.चंद्रशेखर आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के किस जिले में हुआ।

A. खरगौन
B. ग्वालियर
C. झाबुआ
D. सतना।

Answer ||| C


https://www.evidyarthi.in

Solution ||| चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भावरा गांव में, पंडित सीता राम तिवारी और जग्रानी देवी के घर हुआ था।

12.रश्मिरेखा नामक पुस्तक का लेखक कौन था।

A. गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
B. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
C. हरिशंकर परसाई
D. भावानी प्रसाद मिश्र।

Answer ||| B

Solution ||| रश्मिरेखा नामक पुस्तक के लेखक बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' थे।

13.बरबाती स्टेडियम किस राज्य में स्थित है?

A. ओडिशा
B. महाराष्ट्र
C. हरियाणा
D. पश्चिम बंगाल।
E. कर्नाटक

Answer ||| A

Solution |||

प्रतिष्ठित बाराबाती स्टेडियम एक भारतीय खेल स्टेडियम है जो कटक, ओडीसा में स्थित है। यह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के आयोजन के लिए एक नियमित स्थल है और ओडीसा क्रिकेट टीम का होम ग्राउण्ड है।

14.2016 में हुई भारत जिम्बॉब्वे एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में 'मैन ऑफ द सीरीज' किसे घोषित किया गया।

A. जसप्रीत बुमराह
B. विराट कोहली
C. अजिंक्य रहाणे
D. के.एस. राहुल।

Answer ||| D

Solution ||| 2016 में हुई भारत जिम्बॉब्वे एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में 'मैन ऑफ द सीरीज' के.एस. राहुल को घोषित किया गया।

15.'अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोश' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है।

A. यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है।
B. यह केवल विकसित देशों को ही ऋण प्रदान कर सकता हैं।
C. यह केवल सदस्य देशों को ही ऋण प्रदान करता है।
D. यह किसी देश के केंद्रीय बैंक को ऋण प्रदान करता है।

Answer ||| C

Solution ||| आईएमएफ सदस्य सरकारों को विभिन्न प्रकार के ऋण प्रदान करता है रियायती ब्याज दर पर कम आय वाले देशों को रियायती ऋण प्रदान किए जाते हैं। जबकि गैर-रियायती ऋण बाजार आधारित ब्याजदर के साथ प्रदान किए जाते हैं

16.निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है।

A. प्रथम विश्व जलवायु सम्मेलन - 1979
B. प्रथम पृथ्वी शिखर सम्मेलन- एजेंडा 21
C. पृथ्वी शिखर सम्मेलन + 5- 1997
D. कार्बन व्यापार - मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल।

Answer ||| D



https://www.evidyarthi.in

Solution ||| मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ओजोन की कमी के लिए जिम्मेदार कई पदार्थों के उत्पादन को समाप्त करके एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। कार्बन व्यापार 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल के साथ प्रारंभ हुआ.

17.'इंडिया विजन 2020' किसके द्वारा तैयार किया गया है।

A. एस. पी गुप्ता समिति
B. पंत समिति
C. मल्होत्रा समिति
D. नरसिम्हा समिति।

Answer ||| A

Solution ||| योजना आयोग ने योजना आयोग के सदस्य डॉ एस पी गुप्ता की अध्यक्षता में जून 2000 में "इंडिया विज़न 2020" पर एक समिति गठित की।

18.12 वी पंचवर्षीय योजना की अवधि हैं।

A. 2007-2012
B. 2012-2017
C. 2010-2015
D. 2006-2011

Answer ||| B

Solution ||| भारत सरकार की बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) को 8.2% की वृद्धि दर हासिल करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन 27 दिसंबर 2012 को राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 8% की वृद्धि दर को मंजूरी दी थी।

19.एक 'बंद अर्थव्यवस्था' वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें-

A. मुद्रा - पूर्ति पूर्ण रूप से नियंत्रित है।
B. घाटा वित्तीयन होता है।
C. केवल निर्यात होते हैं
D. न निर्यात और न ही आयात होते हैं।

Answer ||| D

Solution ||| एक 'बंद अर्थव्यवस्था' वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें- न निर्यात और न ही आयात होते हैं।

20.मध्य प्रदेश का सबसे पुराना संगीत महाविद्यालय, 'माधव संगीत महाविद्यालय', कहाँ स्थित है।

A. रायपुर
B. इंदौर
C. भोपाल
D. ग्वालियर।

Answer ||| D

Solution
||| मध्यप्रदेश कासबसे पुरानासंगीत महाविद्यालय, ग्वालियरमें स्थित'माधवसंगीत महाविद्यालय' है|

21.निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक कालिदास द्वारा लिखित नहीं है।

A. मेघदूतम्
B. कुमारसम्भवम्
C. उत्तररामचरितम्
D. ऋतुसंहारम्।

Answer ||| C



https://www.evidyarthi.in

Solution ||| उत्तररामचरितम्, भगतभुति द्वारा लिखित नाटक शैली में 7 कृत्यों में संस्कृत नाटक है।

22.खजुराहो मंदिर से चोरी हुई उस प्रतिमा का क्या नाम था, जिसे कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौपा।

A. गोल्डरन पैरट
B. सिंगिंग पैरट
C. टॉकेटिव पैरट
D. पैरट लेडी

Answer ||| D

Solution ||| खजुराहो मंदिर से पैरट लेडी मूर्तिकला चोरी हुई थी जिसे कनाडा के प्रधान मंत्री द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को सौंप दिया गया है|

23.सुहेल सेठ की उस पुस्तक का नाम क्या है, जिसका विमोचन जून, 2016 में लंदन में हुआ।

A. मंत्राज फॉर सक्सेस
B. डार्क हॉर्स
C. विंग्स ऑफ फायर
D. मसीहा।

Answer ||| A

Solution ||| सुहेल सेठ की पुस्तक “मंत्राज फॉर सक्सेस” का विमोचन जून, 2016 में लंदन में हुआ।

24.सानिया मिर्जा के मिक्सड डबल्स का पार्टनर इवान डोडिज किस देश से है।

A. स्वीडन
B. स्विट्जरलैंड
C. रूस
D. क्रोएशिया

Answer ||| D

Solution ||| सानिया मिर्जा के मिक्सड डबल्स का पार्टनर इवान डोडिज क्रोएशिया से है।

25.राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मई, 2016 में निम्नलिखित में से किस देश की यात्रा की।

A. जापान
B. म्यांमार
C. चीन
D. फ्रांस

Answer ||| C

Solution ||| भारतीय राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने चीन की यात्रा 24 मई से 27 मई के दौरान की।

26.दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त, बी. एस. बस्सी को मई, 2016 में किस पद पर नियुक्त किया गया।

A. संघ लोक सेवा आयोग
B. मेघालय का गवर्नर
C. सीमा सुरक्षा बल का महानिदेशक
D. संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य।

Answer ||| D

Solution ||| दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त, बी. एस. बस्सी को मई 2016 में संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।



https://www.evidyarthi.in

27.भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना कब हुई।

A. 1954
B. 1955
C. 1956
D. 1957

Answer ||| B

Solution ||| भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना 1955 में इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया के राष्ट्रीयकरण से हुई थी।

28.जून, 2016 में इनमें से किन्हें विश्व के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन 'इंटरनेशनल चेंबर ऑफ कॉमर्स' का अध्यक्ष चुना गया।

A. मुकेश अंबानी
B. आदि गोदरेज
C. लक्ष्मी नारायण मित्तल
D. सुनील भारत मित्तल।

Answer ||| D

Solution ||| जून, 2016 में सुनील भारत मित्तल को विश्व के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन 'इंटरनेशनल चेंबर ऑफ कॉमर्स' का अध्यक्ष चुना गया।

29.सुनील लनबा है।

A. मसीहा उपन्यास क लेखक
B. हिंदी के एक प्रसिद्ध उपन्यासकार
C. भारत के 23 वें नौसेना प्रमुख
D. सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक

Answer ||| C

Solution ||| एडमिरल सुनील लनबा भारत के 23 वे नौसेना प्रमुख है, इन्हें 31 मई, 2016 को भारत का नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया।

30.भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म स्थान था।

A. सागर

B. उज्जैन

C. इंदौर

D. होशंगाबाद।

Answer ||| D

Solution ||| भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में 29 मार्च 1913 हो हुआ था। यें हिदी के प्रसिद्ध कवि तथा गांधीवादी विचारक थे।

31.2016 में भारतीय जनता पार्टी ने निम्नलिखित में से किस राज्य में पहली बार सरकार बनाई।

A. असम

B. राजस्थान

C. केरल

D. ओडिशा ।

Answer ||| A

Solution ||| वर्ष 2016 में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार असम में सरकार बनाई।

32.स्टेट डाटा सेंटर (एस.डी.सी.) प्रारंभ करने वाला पहला भारतीय राज्य है।

A. तेलंगाना

B. राजस्थान

C. छतीसगढ़



https://www.evidyarthi.in

D. हिमाचल प्रदेश।

Answer ||| D

Solution ||| जून, 2016 में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने स्टेट डाटा सेंटर (एस.डी.सी) का शुभारंभ किया।

33.मई, 2016 को ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की शपथ किसने दिलवाई।

A. राम नाईक
B. केशरीनाथ त्रिपाठी
C. टी. एस. ठाकुर
D. पी. सदाशिवम।

Answer ||| B

Solution ||| 27 मई. 2016 को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को वहां के राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी ने शपथ दिलाई।

34.मई, 2016 में रॉडिगो ड्यूटेर्ट किस देश के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

A. थाईलैंड़
B. स्विट्जरलैंड
C. मेक्सिको
D. फिलीपींस।

Answer ||| D

Solution ||| मई, 2016 में रॉड्रिगो ड्यूटेर्ट फिलीपींस के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

35.'रंजीत सब -1' एवं 'बहादुर सब 1' क्या है।

A. दो लडाकू विमान।
B. दो पनडुब्बियां।
C. धान की दो नई किस्में ।
D. गेहूँ की दो नई किस्में।

Answer ||| C

Solution ||| 'रंजीत सब -1' एवं 'बहादुर सब-1' असम कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई धान की दो नई किस्में हैं|

36.मनोहर आइच को 'पॉकिट हर्क्यूलिस' कहा जाता हैं।

A. मुक्केबाज
B. एथलीट
C. तैराक
D. बॉडी बिल्डर।

Answer ||| D

Solution ||| मनोहर आइच भारत के प्रसिद्ध बॉडी बिल्डर थे, वर्ष 1952 में वे 'मिस्टर यूनिवर्स' भी चुने गए थे।

37.2016 के फेंच ओपन का पुरूष एकल का खिताब किसने जीता ।

A. इवान डोडिज
B. नोवाक जोकोविक
C. एंडी मरे
D. रोजर फेडरर।

Answer ||| B

Solution ||| वर्ष 2016 के फेंच ओपन का पुरूष एकल का खिताब नोवाक जोकोविक ने एंडी मरे को पराजित कर अपने नाम किया।



https://www.evidyarthi.in

38.मई, 2016 मे निम्नलिखित में से किस देश में पहली बार महिला राष्ट्रपति बनी।

A. ताइवान

B. म्यांमार

C. अंगोला

D. नामीबिया।

Answer ||| A

Solution ||| 20 मई, 2016 को पदभार ग्रहण करने वाली साई इंग - वेन ताइवान की पहनी राष्ट्रपति महिला राष्ट्रपति बनी हैं ।

39.फुटबॉल के मोहन बागान क्लब की स्थापना किस वर्ष हुई थी।

A. 1850
B. 1879
C. 1889
D. 1901

Answer ||| C

Solution ||| फुटबॉल के मोहन बागान क्लब की स्थापना 1889 ई. में हुई थी इसके संस्थापक भूपेंन्द्र नाथ बोस थे।

40.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जेकोब जूमा से जुलाई, 2016 में मिले, जो हैं।

A. नामीबिया के राष्ट्रपति

B. कतर के राष्ट्रपति

C. मेक्सिको के राष्ट्रपति

D. दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति।

Answer ||| D

Solution ||| जुलाई, 2016 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैकोब जूमा से मुलाकात की, जो दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति है।

41.जो रूट किस खेल से संबंधित हैं।

A. क्रिकेट
B. शतरंज
C. पोलो
D. गोल्फ।

Answer ||| A

Solution ||| जो रूट (जोसेफ एडवर्ड रूट), इग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाडी हैं।

42.इनमें से वह प्रथम नेता कौन था, जिसने भारत में मजदूर आंदोलन को संगठित किया।

A. बी. पी. वालिया
B. लाला लाजपत राय
C. एन.एम. लोखडे
D. एन.जी. रंगा।

Answer ||| C

Solution ||| नारायण मेघाजी लोखंडे (1848 - 1897) भारत में श्रम आंदोलन के अग्रदूत माने जाते हैं।

43.राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल होता है।

A. 3 वर्ष
B. 4 वर्ष
C. 5 वर्ष



https://www.evidyarthi.in

D. 6 वर्ष

Answer ||| C

Solution ||| मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 6 (1) के अनुसार, अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया व्यक्ति अपने पद ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष की अवधि तक अथवा 70 वर्ष की आयु (में से जो पहले हो ) प्राप्त कर लेने तक अपना पद धारण करेगा।

44.निम्नलिखित में से कौन - सा पर्वत श्रृंखला भारत में केवल एक राज्य में फैली है।

A. अरावली
B. सतपुड़ा
C. अजंता
D. सहद्रि।

Answer ||| C

Solution ||| अजंता श्रेणी का विस्तार महाराष्ट्र में ही सीमित है, यह सहद्रि श्रेणी का पूर्वी विस्तार है।

45.निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही समुलित नहीं है।

A. स्विट्जरलैंड का राष्ट्रपति - जोहान श्नाइडर अम्मान।
B. मेक्सिको का राष्ट्रपति - एनरिक पेना नीटो।
C. नामीबिया का राष्ट्रपति-हेग गीन्गोब ।
D. कोटे डी आइवरी का राष्ट्रपति - एंजेला मर्केल ।

Answer ||| D

Solution ||| कोटे डी आइवरी के राष्टपति आलाससन ओत्तारा है।

46.आइन -उल - मुल्क मुल्तानी ने इनमें से किस शासक के अधीन सेवा नही की थी।

A. अलाउद्दीन खिलजी
B. मुहम्मद बिन तुगलक
C. फिरोज तुगलक
D. इल्तुतमिश।

Answer ||| D

Solution ||| आइन - उल - मुल्क मुल्तानी ने अलाउद्दीन खिलजी, मुहम्मद बिन तुगलक एवं फिरोज शाह तुगलक के अधीन अपनी सेवा प्रदान की थी ।

47.मांडू में स्थित जहाज महल का निर्माण इनमें से किस शासक ने करवाया था।

A. महमूद शाह खिलजी
B. ग्यासुद्दीन खिलजी
C. भोज परमार
D. होषंगशाह।

Answer ||| B

Solution ||| मांडू में 'जहाज महल' एक लोकप्रिय स्मारकीय इमारत है, इस महल का निर्माण सुल्तान ग्यासुद्दीन खिलजी के शासनकाल में किया गया।

48.किसी बल्लेबाज द्वारा क्रिकेट की गेंद को मारने पर गेंद समतल जमीन पर लुढ़कती है, कुछ दूर लुढ़कने के पश्चात गेंद रूक जाती है, रूकने के लिए धीमी होती है, क्योकि -

A. बल्लेबाज ने गेंद को पर्याप्त प्रयास से हिट नही किया।
B. वेग, गेंद पर लगाए गए बल के समानुपाती है।
C. गेंद पर गति की दिशा के विपरीत एक बल कार्य कर रहा है।
D. गेंद पर कोई असंतुलित बल के समानुपाती हैं, अतः गेंद विरामावस्था में आने के लिए प्रयसरत है।

Answer ||| C


https://www.evidyarthi.in

Solution ||| किसी गेंद को जमीन पर लुढ़काए जाने या बल्लेबाज द्वारा क्रिकेट की गेंद को मारने पर गेंद जमीन पर कुछ दूर लुढ़कने के पश्चात रूक जाती है, या उसकी गति कम हो जाती है, क्योकि गेंद पर उसकी गति की विपरीत दिशा में सतह् का घर्षण बल कार्य करने लगता है, यदि यह घर्षण बल न हो, तो गेंद उसी गति से अनंत समय तक चलती रहेगी।

49.WWW का आविष्कारक कौन है।

A. बिल गेट्स
B. टिम बर्नर्स - ली
C. टिमोथी बिल
D. रे टोमलिंसन।

Answer ||| B

Solution ||| WWW के आविष्कारक टिम बर्नर्स - ली है|

50.निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा 'सवैधानिक निरंकुशता का सिद्धांत' प्रवृत्त किया जाता है।

A. 1909 का भारतीय काउंसिल अधिनियम।
B. 1919 का भारत सरकार अधिनियम।
C. 1935 का भारत सरकार अधिनियम।
D. 1947 का भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम।

Answer ||| C

Solution ||| संवैधानिक निरंकुशता सिद्धांत भारत सरकार अधिनियम, 1935 द्वारा प्रवत्त किया गया। यह अधिनियम ब्रिटिश संसद द्वारा सर्वाधिक विस्तृत अधिनियम था। साथ ही यह भारत के लिए तैयार संवैधानिक प्रस्तावों में से सबसे जटिल दस्तावेज था। इसी अधिनियम में भारत संघ की स्थापना, संघीय न्यायपालिका, केंद्र और राज्यों के मध्य शक्तियों का विभाजन आदि की व्यवस्था की गई थी।

51.मोडेम परिवर्तित करता है।

A. ऐनालॉग सिग्नलों को डिजिटल सिग्नलों में।
B. डिजिटल सिग्नलों को ऐनालॉग सिग्नलों में ।
C. दोनों (A) तथा (B)
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

Answer ||| C

Solution ||| मोडेम मॉडुलेटर - डीमॉडुलेटर का संक्षिप्त रूप है, यह एक ऐसी युक्ति है, जो किसी आंकिक सूचना का मॉडुलेट करके एनालॉग प्रारूप में भेजता है, और जो ऐनालॉग प्रारूप में इसे सिग्नल मिलता है,उसे डीमॉडुलेट करके डिजिटल रूप में ग्रहण करता है, यह किसी संचरण के माध्यम और आंकिक मशीन के बीच संचार स्थापित करने के लिए आवश्यक अवयव हैं।

52.ईथरनेट एक उदाहरण है।

A. MAN
B. LAN
C. WAN
D. Wi-Fi

Answer ||| B

Solution ||| ईथरनेट, लोकल एरिया नेटवर्क ;स्ंददध तैयार करने का एक प्रोटोकॉल होता है, इसकी अभिकल्पना वर्ष 1973 में बॉब मेटकॉफ ने की थी बाद में डिजिटल, इंटेल और जेरॉक्स के प्रयासों से यह लोकल एरिया नेटवर्क का एक मानक प्रतिरूप बन गया। ईथरनेट केबलों के माध्यम से विस्तारित किया जाता है।

53.डकडकगो है, एक-

A. सर्च इंजन
B. वेब ब्राउजर



https://www.evidyarthi.in

C. वायरस

D. न्यूज वेबसाइट

Answer ||| A

Solution ||| डकडकगो एक सर्च इंजन है, यह सर्च इंजन यूरोप में काफी लोकप्रिय है, इसकी विषेशता है, कि यह उपयोगकर्ताओं से संबंधित जानकरियों को अन्य सर्च इंजनों जैसे गूगल की भांति एकत्रित नहीं करता है।

54.कंम्प्यूटर सुरक्षा के संदर्भ में क्रैकर्स किस नाम से जाना जाते हैं।

A. ब्लैक हैट हैकर्स

B. व्हाइट हैट हैकर्स

C. एलीट हैकर्स

D. स्क्रिप्ट किट्ठी।

Answer ||| A

Solution ||| एक ब्लैक हैट हैकर, जिसे कभी - कभी 'क्रैकर' कहा जाता है, कोई ऐसा व्यक्ति होता है, जो किसी प्राधिकार के बिना कंम्प्यूटर सुरक्षा का भेदन करता है, और प्रौद्योगिकी (सामान्यतः कोई कंम्प्यूटर,फोन सिस्टम या नेटवर्क) का प्रयोग जान - बूझकर सामानों को क्षति पहुंचाने, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी करने, पहचान चुराने और अन्य प्रकार की गैर - कानूनी गतिविधियों के लिए करता है।

55.निम्न में से कौन सा एक वेब ब्राउजर नहीं है ?

A. ओपेरा(Opera)

B. गूगल ऐप्स(Google Apps)

C. विवाल्दी(Vivaldi)

D. मोजिला फायरफॉक्स(Mozilla Firefox)

Answer ||| B

Solution ||| .

56.इंटरनेट की उस सेवा को जो 'ऑडियो' एवं 'वीडियो' वार्तालाप प्रदान करती है, कहते है।

A. चैट

B. ई - मेल

C. वीडियो कॉन्फ्रेंसिग

D. वीडियो चैट।

Answer ||| C

Solution ||| वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधुनिक संचार तकनीक है, जिसके माध्यम से दो या इससे अधिक स्थानों से एक साथ ऑडियो - वीडियो के माध्यम से कई लोग जुड सकते है, इसका प्रयोग खासकर किसी बैठक या सम्मेलन के लिए तब किया जाता है, जब कई लोग अलग अलग स्थानों पर बैठे हों, कॉन्फ्रेंसिंग मे वीडियो कैमरा या वेब कैम, कंम्प्यूटर मॉनीटर या प्रोजेक्टर माइक्रोफोन, लाउडस्पीकर और इंटरनेट की आबश्यकता होती है।

57.निम्नलिखित में से किस वर्ष का ओलंपिक लंदन में नही हुआ।

A. 2012
B. 1968
C. 1948
D. 1908

Answer ||| B

Solution ||| लंदन में ओलंपिका खेलों का आयोलन वर्ष 1908, 1948 और 2012 में किया गया था। वर्ष 1968 के ओलंपिक खेलों का आयोजन (मेक्सिको) सिटी में किया गया था।

58.निम्नलिखित में से कौन -सा देश टी - 20 क्रिकेट विश्व कप (पुरूष) में कभी भी विजेता नही रहा है।



https://www.evidyarthi.in

A. भारत
B. ऑस्ट्रेलिया
C. इंग्लैंड
D. पाकिस्तान

Answer ||| B

Solution ||| टी - 20 क्रिकेट विश्व कप (पुरूष) के विजेता देश इस प्रकार है।

| वर्ष | विजेता |
|---|---|
| 2007 | भारत |
| 2009 | पाकिस्तान |
| 2010 | इंग्लैंड |
| 2012 | वेस्टइंडीज |
| 2014 | श्रीलंका |
| 2016 | वेस्टइंडीज |

59.राष्ट्रमंडल खेलों का प्रारंभ किस वर्ष हुआ।

A. 1922
B. 1925
C. 1927
D. 1930

Answer ||| D

Solution ||| राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन सवप्रथम वर्ष 1930 में किया गया था। द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण वर्ष 1942 और 1946 में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन नहीं हो सका। इसके बाद से प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर इसका आयोजन किया गया। राष्ट्रमंडल के सदस्यों की संख्या 52 है।

60.सचिन तेंदुलकर को अर्जुन पुरस्कार किस वर्ष प्रदान किया गया ।

A. 1990
B. 1994
C. 1997
D. 1999

Answer ||| B

Solution ||| भारतीय क्रिकेट टीम के महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को वर्ष 1994 के अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

61.1987 में खेले गए क्रिकेट विश्व कप का क्या नाम था।

A. रिलायंस कप

B. बेंसन एंड हेजज कप

C. विल्स कप

D. उपर्युक्त में से कोई नही ।

Answer ||| A

Solution ||| वर्ष 1987 में खेले गए चौथे विश्व कप रिलायंस कप (प्रायोजक के नाते) के नाम से जाना जाता है, इसकी मेजबानी भारत एवं पाकिस्तान ने संयुक्त रूप से की थी। 1987 का क्रिकेट विश्व कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता था।

62.अमिताभ विजयवर्गीय किस खेल से संबंधित है।

A. हॉकी

B. फुटबॉल

C. क्रिकेट

D. उर्पयुक्त में से कोई नही।

Answer ||| C

Solution ||| अमिताभ विजयवर्गीय मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी (प्रथम श्रेणी) हैं।



https://www.evidyarthi.in

63.रूप सिंह स्टेडियम कहां स्थित है।

A. ग्वालियर
B. इंदौर
C. भोपाल
D. जबलपुर।

Answer ||| A

Solution ||| रूप सिंह स्टेडियम ग्वालियर, मध्य प्रदेश में स्थित है, यह भारत का एक प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम है| इस स्टेडियम में पहला क्रिकेट मैच 22 जनवरी, 1988 को भारत और वेस्टइंडीज के मध्य खेला गया था।

64.पारसी क्लब की स्थापना से किस खेल की परंपरा प्रारंभ हुई।

A. हॉकी
B. फुटबॉल
C. क्रिकेट
D. टेबल टेनिस।

Answer ||| C

Solution ||| भारतीयों द्वारा क्रिकेट खेलने की शुरूआत बंबई के जरथुस्ट्रियों (पारसियों) के छोटे से समुदाय द्वारा की गई थी। व्यापार के चलते वह सबसे पहले अंग्रेजो के संपर्क में आए और पश्चिमीकृत होने वाले पहले भारतीय समुदाय के रूप में पारसियों ने 1848 ई. में क्रिकेट क्लब की स्थापना बंबई मे की, जिसका नाम था ओरिएंटल क्रिकेट क्लब।

65.इनमें से कौन मध्य प्रदेश का हॉकी खिलाड़ी था।

A. समीर दाद
B. कीर्ति पटेल
C. माइकेल नाथ

D. अमित बनर्जी।

Answer ||| A

Solution ||| दिए गए विकल्पों में मध्यप्रदेश के हॉकी खिलाडी समीर दाद हैं, जर्मनी के खिलाफ वर्ष 1998 में हॉकी टेस्ट सीरीज मे उन्होंने अपने अंतराष्ट्रीय कॅरियर की शुरूआत की थी। इसके आलाव वह वर्ष 2000के ओलंपिक खेलों में भी भारतीय टीम की तरफ से भाग ले चुके हैं, कीर्ति पटेल मध्य प्रदेश की क्रिकेट खिलाजी हैं।

66.जम्मू - कश्मीर की आठ वर्षीया तजाम्मुल इस्लाम किस खेल से संबंधित है।

A. स्क्वॉश
B. किकबॉक्सिंग
C. तैराकी
D. फुटबॉल।

Answer ||| B

Solution ||| तजाम्मुल इस्लाम किकबॉक्सिंग के खेल से संबंधित है, आठ वर्षीय बालिका तजाम्मुल ने नवंबर, 2016 में इटली में हुई विश्व किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है, वह यह पदक जीतने वाली कश्मीर की पहली खिलाड़ी हैं।

67.तड़ित (बिजली चमकना) से वृक्ष में आग भी लग सकती है, क्योकि इसमें अत्यधिक मात्रा होती है।

A. ऊष्मीय ऊर्जा
B. विद्युत ऊर्जा
C. रासायनिक ऊर्जा
D. नाभिकीय ऊर्जा।

Answer ||| B



https://www.evidyarthi.in

Solution ||| बिजली तथा गड़गड़ाहट के साथ वाली आंधी के दौरान उत्पन्न तड़ित में विद्युत ऊर्जा अत्यधिक मात्रा में होती है, जिसके कारण वृक्षों में आग लगनें की संभावना होती है।

68.'हास गैस' है।

A. हाइड्रोजन परऑक्साइड
B. नाइट्रस ऑक्साइड
C. कार्बन मोनोऑक्साइड
D. सल्फर डाइऑक्साइड

Answer ||| B

Solution ||| नाइट्रस ऑक्साइड ($NO_2$) को हास या हास्य गैस कहते है, इसे सूंघने पर हंसी आती है, इसे शल्य क्रिया के समय निष्चेतक के रूप में भी प्रयोग किया जाता है।

69.निम्नलिखित में से किसे एक स्नेहक (ल्यूब्रीकेंट) के रूप में भी प्रयोग किया जाता है।

A. क्यूप्राइट
B. ग्रेफाइट
C. हेमाटाइट
D. क्रायोलाइट।

Answer ||| B

Solution ||| ग्रेफाइट कार्बन का शुद्ध क्रिस्टलीय अपररूप है, यह स्नेहक के रूप में प्रयोग किया जाता है, इसके क्रिस्टल कार्बन में कार्बन परमाणु समशट्भुजों की परतों में व्यवस्थित होते हैं, इनके परतों के मध्य क्षीण वॉन्डरवाल्स बल उपस्थित होने के कारण ग्रेफाइट नर्म और स्नेहक होता है।

70.लेंस की शक्ति मापी जाती है।

A. डायोप्टर में
B. इअन में
C. ल्यूमन में
D. कैंडेला मे।

Answer ||| A

Solution ||| लेंस क्षमता का मात्रक डायोप्टर होता है, इसे संकेत (D) से प्रदर्शित करते हैं।

71.निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नही है।

A. विटामिन ए. -मेकुलन
B. विटामिन बी -मैकुलन
C. विटामिन सी -जेम्स लिंड
D. विटामिन डी -पॉल मूलर ।

Answer ||| D

Solution ||| जेम्स लिंड ने 1747 ई. में बताया कि खट्टे फलों में विटामिन सी पाया जाता है, पॉल मूलर विटामिन D से संबंधित नही है, ये डी डी टी के कीटनाशक गुणो की खोज व मलेरिया एवं पीत ज्वर जैसे वेक्टर रोंगो के रोकथाम में इसकी उपयोगिता के लिए जाने जाते है, विटामिन ए एवं बी क खोज एल्मर मैककुलम द्वारा की गई ।

72.संवहन द्वारा ऊष्मा का स्थानांतरण हो सकता है।

A. ठोस एवं द्रव में
B. ठोस एवं निर्वात में
C. गैस एवं द्रव में
D. निर्वात एवं गैस में ।

Answer ||| C


https://www.evidyarthi.in

Solution ||| संवहन द्वारा ऊष्मा का स्थानांतरण केवल द्रवों तथा गैसो में होता है, संवहन की प्रक्रिया में पदार्थ के कण स्वयं स्थानांतरित होते है।

73.निम्नलिखित में कौन - सा रोग प्रोटोजोआ द्वारा होता है।

A. हैजा
B. डिफ्थीरिया
C. निमोनिया
D. मलेरिया।

Answer ||| D

Solution ||| मलेरिया रोग प्लाज्मोडियम नामक प्रोटोजोआ परजीवी के कारण होता है, तथा इसकी वाहक मादा एनाफिलीज मच्छर होती है, जो कि द्वितीयक पोषद है, इससे प्रभावित होने वाला अंग प्लीहा है, जिसमें संक्रमण से आकार बढ़ जाता है, इस रोग के उपचार हेतु एटाबिन, क्लोरोक्वीन, कामाक्विन इत्यादि औषधियों का उपयोग किया जाता है।

**प्रोटोजोआ से होने वाले प्रमुख रोग: -**
ट्रिक: **पापा काम पे सोते हैं**

- पायरिया, कालाजार, मलेरिया, पेचिस, सोने की बीमारी

74.मानवों में गुर्दे निम्नलिखित में से किस प्रणाली के अंग है।

A. न्यूट्रीशन
B. ट्रांसपोर्टेशन
C. एक्सक्रीशन
D. रेस्पिरेशन।

Answer ||| C

Solution ||| मानवों में गुर्दे या किडनी उत्सर्जन तंत्र के प्रमुख अंग है, रूधिर को छानकर इसमें से अनावश्यक और अपशिष्ट पदार्थो को हटाना गुर्दे का मूल कार्य होता है।

75.मनुष्य की आंख में किसी वस्तु का प्रतिबिंब बनता है।

A. कॉनिया में

B. परितारिका (आइरिस) में

C. पुतली में

D. दृष्टिपटल (रेटिना) में ।

Answer ||| D

Solution ||| जब हम किसी वस्तु को देखते है, तो उससे चलने वाली किरणें कॉनिया और नेत्रोद द्रव से होकर पुतली के रास्ते से लेंस पर पड़ती है, दृष्टिपटल इसे फोकस कर देता है, जहां पर वस्तु का छोटा तथा उल्टा प्रतिबिंब बन जाता है।

76.ध्वनि तरंगो का सबसे तीव्र प्रगमन होता है।

A. ठोस में

B. द्रव में

C. गैस में

D. निर्वात में ।

Answer ||| A

Solution ||| विभिन्न माध्यमों में ध्वनि की चाल भिन्न - भिन्न होती है, द्रवों में ध्वनि की चाल गैसों की अपेक्षा अधिक होती है, जबकि ठोसों में ध्वनि की चाल सर्वाधिक होती है।

77.पौधो में अर्धसूत्री विभाजन के अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त भाग होगा-

A. प्ररोह शीर्ष

B. मूल शीर्ष

C. परागकाष

D. पर्ण कोषिका



https://www.evidyarthi.in

Answer ||| C

Solution ||| पौधो में अर्धसूत्री विभाजन के अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त भाग परागकाष होता है|

78.जीवाणुभोजी (बैक्टीरियोफेज) है।

A. पूंछयुक्त जीवाणु
B. नवनिर्मित जीवाणु
C. विषाणु को संक्रमित करने वाला जीवाणु
D. जीवाणु को संक्रमित करने वाला विषाणु

Answer ||| D

Solution ||| जीवाणु भोजी एक प्रकार का विषाणु होता है जो जीवाणुओं को संक्रमित करता हैं। अन्य प्रकार के विषाणु की भांति इसमें प्रोटीन की पर्त तथा इसके भीतर न्यूक्लिक अम्ल पाया जाता है।

79.विश्व से चेचक का उन्मूलन घोषित हुआ :-

A. 1975 में
B. 1980 में
C. 1996 में
D. 2008 में

Answer ||| B

Solution ||| चेचक एक विषाणुजनित रोग है जो वैरिओला नामक विषाणु से होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व से चेचक का उन्मूलन वर्ष 1980 में घोषित हुआ।

80.अफीम का वानस्पति नाम क्या है :

A. एम्बलिका ऑफिसिनैलिस
B. पैपैवर सेम्नीफेरम
C. रौवॉल्यिन सर्पेन्टाईना
D. सिनकोना स्पीशीज

Answer ||| B

Solution ||| पैपैवर सोम्नीफेरम पैपैवरेरी कुल का प्रमुख पौधा है। इसका फल अनेक वीजयुक्त कैप्सूल होता है जो छिद्र अथवा कपाट द्वारा स्फुटित होता है। इसके अपरिपक्व कैप्सूल के दूधिए लैटेक्स से अफीम अर्थात ओपियम प्राप्त होती है। अफीम से अनेक एल्कलॉयड जैसे - मॉर्फीन, कोडीन, पैपैवरीन आदि प्राप्त किये जाते हैं।

81.रात तनुरा तेल शोधनशाला कहां स्थित है।

A. ईरान
B. संयुक्त राज्य अमेरिका
C. सऊदी अरब
D. ईराक

Answer ||| C

Solution ||| रात तनुरा तेल शोधनशाला सऊदी अरब मे स्थित है।

82.निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र 'टोडा जनजाति' का मूल निवास क्षेत्र है।

A. जैनासार पहाड़िया
B. गारो पहाड़िया
C. नीलगिरि पहाड़िया
D. जयांतिया पहाड़िया

Answer ||| C



https://www.evidyarthi.in

Solution ||| नीलगिरि पहाड़िया टोडा जनजाति के मूल निवास क्षेत्र है| नीलगिरि पहाड़िया दक्षिण भारत से स्थित है।

83.समप्राय मैदान संबंधित है :-

A. वायु से
B. भूमिगत जल से
C. हिमनद से
D. नदी से

Answer ||| D

Solution ||| समप्राय मैदान का संबंध नदी से है ।

84.निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सहीं सुमेलित नहीं है?

A. विपुलेख - उत्तराखण्ड
B. नाथूला -अरूणाचल प्रदेश
C. रोहतांग - हिमाचल प्रदेश
D. पालघाट- केरल

Answer ||| B

Solution ||| नाथूला दर्रा, भारत विकास के सिक्किम राज्य को चीन के तिब्बत से जोड़ता है। इसकी ऊंचाई लगभग 14450 फीट हे। यह दर्रा सिक्किम की राजधानी गंगटोक से पूर्व की ओर लगभग 56 किमी दूर स्थित है, जबकि अन्य सभी विकल्प सही सुमेलित हैं।

85.2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व है।

A. 325
B. 335
C. 382

D. 385

Answer ||| C

Solution ||| वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का जनसंख्या घनत्व 382 है।

86.जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया।

A. 1980
B. 1974
C. 1981
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| B

Solution ||| जल प्रदूषण निवारण तथ नियंत्रण अधिनियम वर्ष 1974 में लागू किया गया, इसे वर्ष 1988 संशोधित किया गया हे।

87.स्ट्रॉम्बोली है एक -

A. प्रसुप्त ज्वालामुखी
B. जागृत ज्वालामुखी
C. निर्वापित ज्लामुखी
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| B

Solution ||| स्ट्राम्बोली एक जागृत ज्लामुखी है, जो कि सामान्यतया पिछले 2000 वर्षों से लगातार जागृत अवस्था में है। इसे भूमध्य सागर का प्रकाश स्तंभ भी कहा जाता है।

88.निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म सही सुमेलित नही है।



https://www.evidyarthi.in

A. कैनियन - नदी
B. ज्यूजेन - वायु
C. इन्सेलबर्ग - हिमनद
D. मोरेन - हिमनद।

Answer ||| C

Solution ||| इन्सेलबर्ग का निर्माण पवन द्वारा किया जाता है|

89.कयाल क्या है।

A. तराई मैदान
B. गंगा डेल्टा
C. दक्कत पठार की रेगड़
D. केरल के लैगून।

Answer ||| D

Solution ||| केरल स्थित लैगून झीलों को कयाल के नाम से जाना जाता है।

90.निम्नलिखित में से कौन सा देश कैस्पियन सागर से सीमा नहीं बनाता है।

A. अजरबैजान
B. ईरान
C. इराक
D. कजाख्तान

Answer ||| C

Solution ||| कैस्पियन सागर, पश्चिमी एशिया में यूरोप के पूर्वी छोर पर स्थित है, यह विश्व की सबसे बड़ी झील है, कुल 5 देशों की सीमाएं कैस्पियन सागर से मिलती है, इनमें अजरबैजान, रूस, कजाख्स्तान,तुर्कमेनिस्तान तथा ईरान शमिल हैं।

91.इनमें से किसने द्वितीय गोलमेल सम्मलेन में भाग नहीं लिया था।

A. महादेव

B. प्यारेलाल

C. मदन मोहन मालवीय

D. जवाहरलाल नेहरू

Answer ||| D

Solution ||| द्वितीय गोलमेज सम्मेलन लंदन में 7 सितम्बर से 1 दिसम्बर 1931 तक चला। इस सम्मेलन में प्यारेलाल नैय्यर सरोजनी नायडू, एनी बेसेंट, महदन मोहन मालवीय महादेव देसाई बी.आर. अम्बेडकर सहित 31 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में जवाहरलाल नेहरू ने भाग नहीं लिया था।

92.भारत में नियमित एवं वैज्ञानिक ढंग से जनगणना किस वर्ष से प्रारंभ हुई।

A. 1861
B. 1871
C. 1881
D. 1891

Answer ||| C

Solution ||| भारत में जनगणना की शुरूआत 1872 ई. से लॉर्ड मेयो के शासनकाल में हुई थी, जो देश के विभिन्न भागों में गैर समक्रमिक ढंग से की गई थी। लेकिन नियमित एवं वैज्ञानिक ढंग से प्रथम जनगणना1881 ई. में लोर्ड रिपन के शासनकाल में प्रारंभ की गई ।

93.इनमें से कौन सबसे कम आयु में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने वाला व्यक्ति था।

A. जवाहर लाल नेहरू

B. अबुल कलाम आजाद

C. आनंद मोहन बोस

D. भूपेन्द्र नाथ बोस।



https://www.evidyarthi.in

Answer ||| B

Solution ||| मौलाना अबुल कलाम आजाद (1888-1958 ई.) वर्ष 1923 में दिल्ली में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विशेष सत्र में अध्यक्ष बनाए गए। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष पद धारण करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। अबुल कलाम आजाद वर्ष 1940 - 1946 तक लगातार छः वर्षो तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे ।

94.लार्ड डफरिन के वायसराय काल की एक महत्वपूर्ण घटना थी।

A. रामकृष्ण मिशन की स्थापना
B. ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना।
C. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना
D. प्रथम जनगणना की शुरूआत।

Answer ||| C

Solution ||| वायसराय लॉर्ड डफरिन (कार्यकाल 1884 -1888) के कार्यकाल की एक महात्वपूर्ण घटना भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (1885) की स्थापना थी डफरिन ने कांग्रेस का यह कहकर मजाक उड़ाया था कि यह'सूक्ष्मदर्शी अल्पसंख्कों की संस्था' है।

95.दिल्ली सल्तनल के किस वंश ने सबसे कम समय तक शासन किया।

A. खिलजी
B. तुगलक
C. सैयद
D. लोदी।

Answer ||| A

Solution ||| दिल्ली सल्तनल के गुलाम वंश के सुल्तानों ने 1206 से 1290 ई. तक शासन किया। खिलजी वंश ने 1290 से 1320 ई. तक शासन किया। तुगलंक वंश के शासकों ने 1414 ई. तक शासन किया,सैय्यद वंश के शासकों ने 1414 से 1450 ई. तथा लोदी वंश

ने 1451 से 1526 ई. तक शासन किया। इस प्रकार खिलजी वंश के शासकों ने सबसे कम समय तक शासन किया।

96.1194 के चंदावर के युद्ध में मुहम्मद गोरी ने किसे हराया था।

A. कुमारपाल
B. जयचंद
C. गोंविदराज
D. भीम द्वितीय।

Answer ||| B

Solution ||| 1194 ई. में चंदावर के युद्ध में मुहमद गोरी ने कन्नौज के गहड़वाल राजा जयचंद को पराजित किया था। चंदावर, वर्तमान फिरोजबाद जिले के यमुना तट पर स्थित है।

97.1909 का अधिनियम संबंधित था।

A. पृथक मताधिकार - क्षेत्र के लागू करने से
B. विकेंद्रीकरण से
C. द्वैध - शासन से
D. विधान परिषद से।

Answer ||| A

Solution ||| 1909 के अधिनियम द्वारा मुसलमानों के लिए पृथक मताधिकार तथा पृथक निर्वाचक क्षेत्रों की स्थापना की गई।

98.राममोहन राय को 'राजा' की उपाधि से किसने विभूषित किया।

A. औरंगजेब
B. रॉबर्ट क्लाइव
C. महात्मा गांधी


https://www.evidyarthi.in

D. मुगल सम्राट अकबर द्वितीय

Answer ||| D

Solution ||| मुग़ल बादशाह अकबर द्वितीय ने राममोहन राय को 'राजा' की उपाधि से विभूषित किया और उन्हे अपने दूत के रूप में 1830 ई. में तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट विलियम चतुर्थ के दरबार में भेजा था। इंग्लैड के ब्रिस्टल में ही 27 सिंतम्बर, 1833 को राजा राममोहन राय की मत्यु हो गई यहाँ उनकी समाधि स्थापित हैं।

99.'भारतीय पुरातत्व का जनक' किसे कहा जाता है।

A. अलेक्जेंडर कनिंघम
B. जॉन मार्शल
C. मार्टीमर व्हीलर
D. जेम्स प्रिंसेप

Answer ||| A

Solution ||| अलेक्जेंडर कनिंघम (1814 - 1893) को एक ब्रिटिश सेनाधिकारी के रूप में बंगाल इंजीनियर्स के साथ काम करने के लिए तैनात किया गया था। उन्हें ही 'भारतीय पुरातत्व के जनक' के रूप में जाना जाता है, 1861 ई. में सेना सेवानिवृति के पश्चात उन्हें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का पहला महानिदेशक नियुक्त किया गया था।

100.गाजी मलिक किस वंश का संस्थापक था।

A. तुगलक
B. खिलजी
C. सैयद
D. लोदी।

Answer ||| A

Solution ||| अलाउद्दीन के सेनापपियों में ग्यासुद्दीन तुगलक या 'गाजी' मलिक तुगलक वंश का प्रथम शासक था। उसने तुगलक वंश की स्थापना की। खुसरो शाह को समाप्त करके उसने दिल्ली के सिंहासन पर अधिकार कर लिया तथा 8 सितंबर, 1320 को सुल्तान बना।



https://www.evidyarthi.in